कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर

–:: आदेश ::–

जिला श्रीगंगानगर में शीतलहर एवं बढ़ती हुई ठंड के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 07.01.2025 से दिनांक 11.01.2025 तक जिले में संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शीतलहर एवं ठंड के प्रभाव से बचाने एवं विद्यार्थियो के स्वास्थ्य के मद्देनजर विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाना अतिआवश्यक है।

अतः मै डॉ. मंजू , जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा एवं प्रबंधन आपदा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीगंगानगर जिले में संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का दिनांक 07.01.2025 से 11.01.2025 तक का अवकाश घोषित करती हूं। उपरोक्तानुसार यह अवकाश केवल विद्यार्थियों हेतु लागू रहेगा। विद्यालय स्टाफ यथावत निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहेगा। अतः जिले के समस्त संस्थाप्रधानों को निर्देशित किया जाता है कि आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। यदि कोई संस्थाप्रधान उक्त अवधि के दौरान कक्षा संचालन करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

(डॉ. मंजू)
जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

क्रमांक :– सहायता/2025/ दिनांक :– यथाहस्ताक्षर

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं पालनार्थ–

01. निदेशक, माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
02. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर संभाग, बीकानेर।
03. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, श्रीगंगानगर को प्रेषित कर लेख है कि जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में उक्त आदेशों की पालना कराना सुनिश्चित करें।
04. जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक/प्रांरभिक, श्रीगंगानगर।
05. समस्त उपंखड अधिकारी/तहसीलदार, जिला श्रीगंगानगर।
06. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, श्रीगंगानगर।
07. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, श्रीगंगानगर।
08. समस्त संस्थाप्रधान (राजकीय/गैर राजकीय विद्यालय), श्रीगंगानगर को पालनार्थ।
09. रक्षित प्रति।

Signature valid
Digitally signed by Manju
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.01.06 18:52:50 IST
Reason: Approved

जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

RajKaj Ref No.: 12837466